

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### ज्योति रौतेला बनी महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड महिला कांग्रेस की कमान अब ज्योति रौतेला संभालेंगी। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव ज्योति को कांग्रेस हाईकमान ने प्रदेश महिला कांग्रेस का नया अध्यक्ष बनाया है। पूर्व अध्यक्ष सरिता आर्य के भाजपा में शामिल हो जाने की वजह से 17 जनवरी से यह पद रिक्त था। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने महिला कांग्रेस में नई नियुक्तियों की घोषणा की। ज्योति के साथ चार महिला कांग्रेस नेताओं का प्रमोशन भी किया गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष से वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है।

### आप ने घोषित किए 6 और प्रत्याशी

**संवाददाता** देहरादून। आप पार्टी ने अपने प्रत्याशियों की अगली सूची भी जारी कर दी है। इस सूची में 6 प्रत्याशियों पर पार्टी ने पूर्ण भरोसा जताते हुए इन प्रत्याशियों को चुनावी समर में उतारा है। आप प्रभारी दिनेश मोहनिया ने दोपहर में 6 प्रत्याशियों की सूची ट्वीट कर जानकारी दी। धर्मपुर से योगेन्द्र चौहान,लक्सर से डॉ0 युसुफ, यमकेश्वर से अविरल बिष्ट,लैंसडाउन से नरेन्द्र गिरी,रानीखेत से नंदन सिंह बिष्ट,बाजपुर एससी से सुनीता टम्टा बाजवा को प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर से लोगों का बहुत ज्यादा समर्थन आप पार्टी को मिल रहा है।

### विरोध के चलते कांग्रेस के कुछ सीटों पर प्रत्याशी बदले

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में कांग्रेस को विरोध और बगावत के डर के चलते कुछ सीटों पर टिकटों में बदलाव करने ही पड़े। इसके तहत कांग्रेस ने 5 सीटों पर अपने उम्मीदवारों को बदलते हुए नये सिरे से नामों को ऐलान किया। जिन प्रत्याशियों की टिकट बदले गए हैं, उनमें कांग्रेस कैंपेन कमिटी के चेयरमैन और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का नाम प्रमुख है। हरीश रावत अब रामनगर की जगह हल्द्वानी से सटी लालकुआं सीट से चुनाव लड़ेंगे।

### लेंसकार्ट ने गणतंत्र दिवस पर 73 स्टोर किए लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। भारत के सबसे तेजी से बढ़ते ओमनी–चौनल आई–वियर ब्रांड लेंसकार्ट ने 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर देश के 46 शहरों और 19 राज्यों में कुल 73 स्टोर्स लॉन्च किए। लेंसकार्ट का लक्ष्य वित्त वर्ष 2022 में कुल 400 स्टोर स्थापित करना है। लॉन्च किए गए 73 स्टोर्स में तमिलनाडु में 17 स्टोर्स, कर्नाटक में 10 और तेलंगाना एवं केरल में 6–6 स्टोर्स शामिल थे। इसके साथ ही कंपनी ने अगले महीने फरवरी में अपना 1000वां स्टोर स्थापित करने की काउंटडाउन शुरू कर दी है।

# भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस से निष्कासित किशोर उपाध्याय

**सदस्यता**

■ विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष किशोर उपाध्याय ने ली भाजपा की सदस्यता

**संवाददाता**



देहरादून। भाजपा की रीति नीति और सिद्धांतो से प्रभवित होकर कई विपरीत विचारधारा के दलों के वरिष्ठ नेता भाजपा का रुख कर रहे है। आज इसमें कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व में मंत्री रहे किशोर उपाध्याय का नाम भी जुड़ गया है। बृहस्पतिवार को कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किशोर उपाध्याय ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित इस सदस्यता ग्रहण समारोह में केंद्रीय मंत्री व उत्तराखंड चुनाव प्रभारी प्रह्लाद जोशी, राज्य मंत्री अजय भट्ट व प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर केंद्रीय मंत्री एवं उत्तराखंड चुनाव प्रभारी प्रह्लाद जोशी का स्वागत करते हुए किशोर उपाध्याय ने कहा कि वह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यों से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी में आए हैं, यह सुखद अहसास है।

प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने कहा भारतीय जनता पार्टी के विचारों से और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों से प्रेरित होकर आज किशोर उपाध्याय भारतीय जनता पार्टी के परिवार के सदस्य बन गए हैं। पिछले 4 वर्षों से वह भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री की नीतियों से प्रेरित होकर अलग–अलग मंचों से कई बार प्रशंसा कर चुके हैं। हमारे विकास के कार्यों को नई गति देने के लिए अपना वह प्रमुख प्रयास करेंगे।

भाजपा में शामिल होने के बाद किशोर उपाध्याय ने कहा यथा नाम तथा रूप। यानि यह संगठन जिस नाम का है उसी रूप का भी है, यहां कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं होता। उन्होंने कहा उत्तराखंड आंदोलन में एक गिलहरी के रूप में अजय भट्ट, अजय टम्टा के साथ कार्य किया और हम राजनीतिक दृष्टि से अलग–अलग पार्टी में थे, परंतु हमारा देह एक ही था उत्तराखंड जिस मकसद से बना है उस कार्य को मिलकर पूर्ण करें। मुझे पूर्ण विश्वास है आने वाले दिनों में हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड को भारत राष्ट्र के सबसे अग्रणी राज्यों में देखेंगे। उन्होंने कहा सार्वजनिक जीवन का एक ही देह है कि उत्तराखंड अपने शिखर को प्राप्त करें। यहां की गंगा को देखने के लिए पूरा विश्व आता है उसी प्रकार उत्तराखंड के प्रत्येक भूभाग पर इस प्रकार का सार्वजनिक विकास हो कि उसकी चर्चा पूरे विश्व में हो। उत्तराखंड में प्रगति का सोपान तय करें ऐसा ऐसा हमारा सूक्ष्म प्रयास रहेगा। जल–जंगल के मुद्दों को लेकर आगे बढ़ेंगे और 45 साल तक जिस प्रकार सार्वजनिक जीवन में एक भावना के रूप में कार्य किया है उसको पूर्ण करने का प्रयास। वहीं कई जिलों में भी दूसरे दलों के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा की सदस्ता ली।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे उसमें मुख्य रूप से राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, अजय टम्टा, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ देवेंद्र भसीन, अनिल गोयल, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल व गणमान्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

### भाजपा ने किया कई सीटिंग विधायकों का पत्ता साफ

देहरादून। भारी विरोध के चलते उत्तराखण्ड में भारतीय जनता पार्टी भी टिकट बंटवारे में फूंक फूंक कर कदम रख रही है। भाजपा ने केदारनाथ से पूर्व विधायक शैलारानी रावत, झबरेड़ा से राजपाल सिंह, पिरान कलियर से मुनीष सैनी, रानीखेत से प्रमोद नैनवाल, जागेश्वर से मोहन सिंह मेहरा, लालकुआं से मोहन सिंह बिष्ट, हल्द्वानी से जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला, रुद्रपुर से शिव अरोड़ा और कोटद्वार से रितु खंडूरी भूषण बीजेपी के टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा है। इस लिस्ट में सबसे खास सिटिंग विधायकों के टिकट कटना रही। बीजेपी ने झबरेड़ा से विधायक देशराज कर्णवाल का टिकट काटकर कांग्रेस से आए राजपाल सिंह को टिकट दिया गया है।

# कोरोना के 2439 नए मामले मिले, 13 मरीजों की मौत

**कोरोना अपडेट**

■ तीन हजार से ज्यादा संक्रमित हुए ठीक, प्रदेश में अब 31221 एक्टिव कोरोना केस

**संवाददाता**



देहरादून। प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 2439 नए मामले सामने आए हैं, जबकि 13 कोरोना संक्रमितों की मौत हो गई। दूसरी ओर, गुरुवार को 3999 मरीजों ने कोरोना से जंग जीत ली।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, प्रदेश में सामने आए 2439 नए मामलों में अल्मोड़ा में 195, बागेश्वर में 52, चमोली में 196, चंपावत में 33, देहरादून में 621, हरिद्वार में 305, नैनीताल में 250, पौड़ी में 209, पिथौरागढ़ में 23, रुद्रप्रयाग में 87, टिहरी में 63, ऊधमसिंह नगर में 311 और उत्तरकाशी में 94 मामले शामिल हैं। प्रदेश में अब 31221 एक्टिव कोरोना केस हैं, जिनमें सर्वाधिक 14123 केस देहरादून जिले के हैं।

**सात माह की बच्ची समेत 32 कोरोना संक्रमितः** श्रीनगर में पिछले दो दिनों में बेस अस्पताल में जांच करवाने वाली सात माह की बच्ची सहित 32 लोग कोरोना संक्रमित हुए हैं। इनमें मेडिकल कॉलेज के सात डॉक्टर भी शामिल हैं।

कोविड अस्पताल के पीआरओ अरुण बडोनी ने बताया कि बृहस्पतिवार को गैरसैंण से सात माह की बालिका को बेस अस्पताल लाया गया। बच्ची बुखार से पीड़ित है। रेपिड एंटीजन टेस्ट में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई, जबकि 26 जनवरी को मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग के एचओडी, सहायक नोडल अधिकारी–कोविड वार्ड सहित सात डॉक्टर कोरोना संक्रमित हो गए हैं। दो क्लर्क भी पॉजिटिव हैं। उन्होंने बताया कि आरटीपीसीआर टेस्ट में 30 और रेपिड एंटीजन टेस्ट में 2 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है।

### सभी कार्मिक सिद्धत एवं जिम्मेदारी से कार्य करें: डीएम

**संवाददाता** देहरादून। 73वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार ने ध्वजारोहण किया तथा संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों कार्मिकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामना दी। उन्होने कार्मिको सम्बोंधित करते हुए कहा कि भारत में 600 ईसा पूर्व से छोटे–छोटे राज्य होने के दस्तावेज है किन्तु 26 जनवरी 1950 को हमारे देश के संविधान को लागू किया गया है। हमारे देश का संविधान हमें सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, नैतिक, मौलिक अधिकारों की जानकारी देता है साथ ही हमारा मार्गदर्शन भी करता है। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि हमारी कार्य पालिका एवं न्याय पालिका भागीरथी एवं मंदाकिनी हैं तो हमारा संविधान गौमुख है। उन्होंने कहा माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने विभिन्न निर्णयों में देश के संविधान को सर्वोपरि है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।